ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020) 26127951, 26123680 रेलवे – 55222, 55862
छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579, 26126816, 26121669 रेलवे – 53101, 53102, 253103
फैक्स: 020-26128677 रेलवे: 55860
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 22 अंक – 86 जुलाई – सितंबर 2018

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. हमारे नए निदेशक
2. श्री अशोक कुमार मिश्र, निदेशक/इरिसेन की विदाई
3. पीपीपी एवं इपीसी पर कार्यशाला
4. मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों का सेमिनार
5. मुख्य इंजीनियर/ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार
6. श्री सुधीर कुमार, PED/ Transformation Cell/रेलवे बोर्ड का इरिसेन दौरा
7. संस्थान में ''कंप्यूटर बेसिक एवं एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर'' पर कार्यशाला का आयोजन
8. राजभाषा कार्या. समिति की 140वीं बैठक का आयोजन
9. राजभाषा सप्ताह का आयोजन
10. मिशन सत्यनिष्ठा के अंतर्गत ICCFG द्वारा प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
11. इरिसेन में ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा का आयोजन
12. मिशन सत्यनिष्ठा
13. इरिसेन छात्रावास एवं व. पर्य. प्रशि. विंग में रक्तदान शिविर का आयोजन
14. निकट भविष्य में आयोजित पाठ्यक्रम
15. स्वागत/विदाई
16. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सभी पाठकों को इरिसेन परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

1. हमारे नए निदेशक



1984 बैच के भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी श्री अजय गोयल ने दिनांक 10 सितंबर, 2018 से संस्थान के निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप मुख्य पुल इंजीनियर/ पश्चिम रेलवे के पद पर कार्यरत थे।

आपने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से 1983 में बी.एस.सी. इंजीनियरिंग (सिविल) एवं 1985 में एम, टेक (स्ट्रक्चर) की उपाधि प्राप्त की है। अपने सेवाकाल के दौरान पूर्वोत्तर रेल पर मुख्य पुल इंजीनियर के रूप में कार्य किया। इरिसेन में आपने वरिष्ठ प्राध्यापक–पुल / प्रशिक्षण तथा मध्य रेल पर मुख्य इंजीनियर / ट्रैक इत्यादि विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इरिसेन परिवार आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता है।

2. श्री अशोक कुमार मिश्र, निदेशक/इरिसेन की विदाई



संस्थान के निदेशक श्री अशोक कुमार मिश्र का स्थानांतरण मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), दक्षिण रेल, एर्नाकुलम के पद पर हुआ है। आप दिनांक 10 सितंबर, 2018 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए। संस्थान आपके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

3. पीपीपी एवं इपीसी पर कार्यशाला

संस्थान में दिनांक 5 एवं 6 जुलाई, 2018 को इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेमिनार में 18 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में निदेशक/इरिसेन ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। तत्पश्चात कार्यशाला में निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए। श्री संजय खरे, वरिष्ठ प्राध्यापक (कार्य)



द्वारा ''इपीसी ठेकों का परिचय'' श्री नवीन अग्रवाल, महाप्रबंधक (राजस्व) RLD, द्वारा ''भारतीय रेल का अनुभव – स्टेशन विकास के लिए पीपीपी'', श्री अजीत सिंह, मुख्य इंजी. निर्माण/ उत्तर रेलवे, द्वारा ''पीपीपी ठेकों के बारे में उत्तर रेल का अनुभव'' श्री आर.के. शेखावत, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोजेक्टस, द्वारा ''स्वीकृति प्रक्रिया, इंजीनियरों के प्राधिकार की भूमिका और QP उसका कार्यान्वयन'', श्री प्रवीण कुमार, GGM / DFCCI, द्वारा ''इपीसी ठेकों का अनुभव–DFCCI'' श्रीमती शीला पन्वर, उप मुख्य इंजी./निर्माण/जोधपुर द्वारा ''इपीसी ठेकों के बारे में उत्तर पश्चिम का अनुभव'' इत्यादि विशेषज्ञों ने प्रस्तुतीकरण दिए।

संरक्षक
अजय गोयल
निदेशक
भा.रे.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
शरद कुमार अग्रवाल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक पुल

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग–उदय ताजणे, क.अनुवादक

4. मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों का सेमिनार

दिनांक 26 एवं 27 जुलाई, 2018 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के सेमिनार का आयोजन किया गया । श्री अजित पंडित, अपर सदस्य सिविल इंजी.(कार्य) ने भी इस सेमिनार में उपस्थिति दर्शायी एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया। विभिन्न क्षेत्रीय रेलों के मुख्य प्रशा. अधि. के अलावा कार्यकारी निदे./कार्य, कार्य. निदे./ सि.इंजी. (सा.) का. निदे./पु.एवं सं.,कार्य.निदे./कार्य/आरडीएसओ ने सेमिनार में हिस्सा लिया। लिडार सर्वे पर प्राध्यापक (डॉ.) भारत लोहानी, IIT/ कानपुर एवं नए उत्पाद/



तकनीकों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। क्षेत्रीय रेलों के निर्माण संगठन से प्राप्त विभिन्न कार्यसूची मुद्दों पर चर्चा की गई और प्राक्कलन की मंजूरी, निधि का पुन: विनियोग, प्रशासनिक शक्तियां, निविदाओं, ठेकों एवं विवाचन, तकनीकी मामलों, भूमि अधिग्रहण, प्रणाली में सुधार एवं विविध मुद्दों पर चर्चा की गई । इस सेमिनार में निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर उन पर निर्णय लिया गया । सेमिनार की सार्थकता को देखते हुए इसकी बहुत सराहना की गई ।

5. मुख्य इंजीनियर/ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार

इरिसेन में दिनांक 16 एवं 17 अगस्त, 2018 को मुख्य इंजीनियर / ट्रैक प्रोक्योरमेंट के सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय रेलों के मुख्य इंजीनियर/रेलपथ प्रोक्योरमेंट एवं आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों ने हिस्सा लिया । इस सेमिनार में कार्यकारी निदेशक/क्यूएसी/आर.डी. एस.ओ. एवं श्री अशोक कुमार मिश्र, निदेशक/इरिसेन ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया । विभिन्न प्रस्तावित कार्यसूची मदों पर विस्तार से चर्चा की गई । सेमिनार में कुछ मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

6. श्री सुधीर कुमार, प्रधान कार्य. निदे./ ट्रान्सफॉर्मेशन सेल/रेलवे बोर्ड का इरिसेन दौरा

दिनांक 13 अगस्त, 2018 को **श्री सुधीर कुमार,** प्र.का.निदे./ ट्रान्सफॉर्मेशन/रेलवे बोर्ड ने संस्थान का दौरा किया । आपने अपने संबोधन में बताया कि अध्यक्ष रेलवे बोर्ड के अनुदेशानुसार वर्तमान में रेलवे प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है। रेलवे संगठन यह विकास का इंजन है। रेलवे संगठन को इस बदलते समय को पहचानना बेहद जरूरी है। रेलवे को उन्नतियों की ओर बढ़ना है और विश्व की विभिन्न तकनीकों को हम नहीं जानते हैं। हमें किसी पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है । हमें अपनी सेवा के दौरान हमारे ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है । रेलों में परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो हमें अपने लक्ष्य को हासिल करना है। हमें अपने जीवन में प्रतिदिन सीखने की आदत डालनी होगी। रेल संगठन में प्रत्येक कर्मचारी महत्वपूर्ण है और रेल के प्रत्येक कर्मचारी का सम्मान करना चाहिए । भारतीय रेल को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में सभी के सहयोग, ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कार्य की आवश्यकता है ।

7. संस्थान में ''कंप्यूटर बेसिक एवं एप्लिकेशन सॉफ्ट–वेयर'' पर कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 27 अगस्त से 08 सितंबर तक ग्रुप 'C' एवं 'D' के कर्मचारियों के लिए ''कंप्यूटर बेसिक एवं एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर'' पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का उद्देश्य संस्थान के सभी कर्मचारियों को कंप्यूटर के उपयोग के लिए बुनियादी जानकारी से अवगत कराना जिससे वे दिन प्रतिदिन के कार्यों में उपयोग कर सकें।



इसमें संस्थान के ग्रुप 'C' एवं 'D' के 44 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। यह पाठ्यक्रम श्री सी.एस. शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक–रेलपथ–1 की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । संस्थान के कंप्यूटर कक्ष के श्री ए.ए. निजामी, वरिष्ठ अनुदेशक–कंप्यूटर–1, श्री एम.डी.जाधव, वरिष्ठ अनुदेशक–कंप्यूटर–2 तथा श्री संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ तकनीकी सहायक–कंप्यूटर ने कक्षाओं में व्याख्यान दिए । पाठ्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए । सभी व्याख्याताओं के प्रशिक्षण पद्धति की प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई।

8. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 140वीं बैठक का आयोजन

संस्थान में 12 सितंबर, 2018 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 140 वीं बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा सप्ताह के अवसर पर हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी सदस्यों को इनमें भारी संख्या में भाग लेने के लिए भी आग्रह किया । साथ ही तकनीकी पुस्तक–लेखन का कार्य मूलरूप से हिंदी में ही करें जिसका लाभ अधीनस्थ कर्मचारियों को मिल सके ।



उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं बैठक के उपाध्यक्ष श्री शरद कुमार अग्रवाल ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में राजभाषा सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर सभी का स्वागत किया । अपने संबोधन में बताया कि हिंदी भारतीय संविधान की सर्व सम्मत राजभाषा है, इस दिशा में जो प्रयास हुए है वे हिंदी के विकास और प्रचार–प्रसार में सहायक हुए हैं, हमें अपने दैनिक कामकाज में हिंदी का सर्वाधिक प्रयोग करके राजभाषा हिंदी के विकास में अग्रसर रहना होगा।

9. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह का आयोजन

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे में दिनांक 12 सितंबर से 18 सितंबर, 2018 तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया । संस्थान में दिनांक 12 सितंबर 2018 को राजभाषा सप्ताह का उद्घाटन कार्यान्वयन समिति की बैठक के अवसर पर किया गया ।

श्री अजय गोयल, निदेशक इरिसेन, पुणे ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत राजभाषा सप्ताह का शुभारंभ किया।

दिनांक 17 सितंबर को प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारी गण एवं इरिसेन के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । दिनांक 18 सितंबर, 2018 को राजभाषा सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया था । हास्य व्यंग्यात्मक कविताओं द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं को भी दर्शकों के समक्ष रखा ।



संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोजेक्ट श्री राजेश कुमार शेखावत, सह प्राध्यापक – रेलपथ –1 श्री राजेन्द्र कुमार कठल, वरिष्ठ अनुदेशक –कार्य –1 श्री अनंत दसरे एवं तकनीकी सहायक श्री अफजल निजामी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की ।

सभी कार्यक्रमों में अधिकारी वर्ग, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया । इस अवसर पर संस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे टिप्पण आलेखन, निबंध, वाक् इत्यादि में भाग लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष–2017 में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु अधिकारी वर्ग में श्री अतुल देशपांडे, सहा.प्राध्यापक –कार्य, श्री शिरीष मोरे, वरिष्ठ तकनीशियन, श्री कालिदास जगताप, वरिष्ठ तकनीशियन को पुरस्कृत किया गया ।



10. मिशन सत्यनिष्ठा के अंतर्गत आईसीसीएफजी द्वारा नैतिकता पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

दिनांक 22.09.2018 से 30.09.2018 तक (9 दिवसीय कार्यक्रम) इरिसेन में 57 प्रशिक्षणार्थियों ने सत्यनिष्ठा अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक शासन में नैतिकता पर प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मॉड्यूल ICCFG द्वारा आयोजित किया गया।



इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत नैतिकता मानवीय आचरणों के सवालों के जबाव में सही एवं गलत, अच्छा एवं बुरा, दोष एवं गुण की अवधारणाओं के लिए निर्धारित परिभाषा प्रदान करने में सहायता, इत्यादि अनेक विषयों पर चर्चा की गई । जब भी परेशानी की स्थिति होती है तो हम हमेशा हमारे शुरूआती वर्षों से नैतिक मूल्यों के बारे में सोचते हैं । साथ ही शरीर स्वास्थ्य भी सभी कार्यों पर प्रभाव डालता है इसी श्रृंखला में सभी प्रतिभागियों को एक प्रकार के व्यायाम के माध्यम से मन को प्रसन्न रखने के उपाय भी कराए गए। प्रशिक्षुओं ने इरिसेन इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा कार्यक्रम आयोजन एवं समग्र सुविधाओं की सराहना की है।



11. इरिसेन में ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा का आयोजन

इरिसेन में दिनांक 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2018 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा का आयोजन किया गया । संस्थान के सभी अधिकारी, प्रशिक्षु अधिकारी, कर्मचारी गण एवं परिवार के सदस्यों सहित इस कार्यक्रम में



उपस्थिति दर्शायी । श्री अजय गोयल, निदेशक/इरिसेन ने संस्थान के प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा की शपथ सभी उपस्थित सदस्यों को दिलाई । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छात्रावास, स्पोर्ट्स् कॉम्पलेक्स, लॉन में साफ–सफाई के लिए श्रमदान किया। सभी कर्मचारियों ने अपने सेक्शन में साफ–सफाई का कार्य किया । स्वच्छता अभियान से संबंधित एक स्लोगन है 'ज्यादा सफाई, कम दवाई' के बारे में जिक्र है। स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है इसलिए भी हमें स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए जिससे दवा की जरुरत अपने आप ही कम हो जाए। वर्षा ऋतु में संक्रामक बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है। हम अपनी जागरुकता से बीमारियों से दूर रह सकते हैं।



(सफाई के पूर्व)



(सफाई के पश्चात)

12. मिशन सत्यनिष्ठा

दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 को 'मिशन सत्य निष्ठा' के अंतर्गत संस्थान में निदेशक/इरिसेन द्वारा अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, परिवार के सदस्य गण एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई । इरिसेन ऑडिटोरियम में मिशन सत्यनिष्ठा के अंतर्गत दि. 27 अगस्त को रेलवे बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री एवं अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए संबोधन का प्रसारण किया गया। संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री आर. के. शेखावत द्वारा ''शासन में नैतिकता'' पर प्रस्तुतीकरण दिया । उसके पश्चात पुणे में स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल, आगा खां पैलेस में प्रशिक्षु अधिकारियों को गांधीजी की घटनाओं से प्रेरणा लेने हेतु दौरे पर ले जाया गया ।



13. इरिसेन छात्रावास एवं व.पर्य.प्रशि.विंग में रक्तदान शिविर का आयोजन

इरिसेन छात्रावास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर लगभग 35 इरिसेन के संकाय, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया । रक्तदान शिविर का आयोजन के.ई.एम. अस्पताल, पुणे के तत्वावधान में किया गया था । रक्तदान का उद्देश्य लोगों में सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता पैदा करना होता है ।



14. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र	पाठ्यक्रम सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	18867	रेल पहिया परिचय एवं अवपथन	26.11.2018	07.12.2018
2	18863	पॉईंटस् एवं क्रॉसिंग, कर्व तथा यार्डस्	3.12.2018	14.12.2018
3	18864	जलापूर्ति सहित भूमि प्रबंधन, सीवरेज और वाटर ऑडिट	03.12.2018	14.12.2018
4	18005	आईआरएसई तैनाती परीक्षा	10.12.2018	14.12.2018
5	18432	यूएसएफडी	10.12.2018	14.12.2018
6	18865	कंक्रीट तकनीकी	10.12.2018	21.12.2018
7	18862	पुलों का निरीक्षण तथा अनुरक्षण	17.12.2018	28.12.2018
8	18866	यूएसएफडी, वेल्डिंग, रेल ग्राइंडिंग	17.12.2018	28.12.2018
9	18868	मैकेनाइज्ड ट्रैक मेंटेनन्स, नवीनीकरण तथा टीएमओ	24.12.2018	04.01.2019
10.	18316	प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार	27.12.2018	28.12.2018

15. स्वागत/विदाई



संस्थान में कार्यरत **श्री अनिल चौधरी,** प्राध्यापक–ट्रैक मशीन की पदोन्नति इरिसेन में ही वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में हुई है । आपने दिनांक 18 सितंबर, 2018 को वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में पदभार ग्रहण कर लिया है । इरिसेन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



श्री जी.एस.यादव प्राध्यापक/पुल–2 ने दिनांक 20 अगस्त, 2018 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप पश्चिम रेल में उप मुख्य–इंजीनियर डिजाइन/चर्चगेट के पद पर कार्यरत थे। श्री यादव, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। आपने पूर्व में उप मुख्य इंजीनियर/प्लानिंग/पश्चिम रेलवे, उप मुख्य इंजीनियर/ट्रैक प्रोक्योरमेंट/मध्य/रेलवे, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) नागपुर मध्य रेल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) पुणे, मध्य रेल, मंडल इंजीनियर (मध्य) हुबली, दक्षिण मध्य रेल इत्यादि पदों पर कार्य किया है। आपने रेल सेवा में कैरियर की शुरूआत सहायक मंडल इंजीनियर, बीबी नगर, सिकंदराबाद में दक्षिण मध्य रेल से की । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री विनायक नारायण सोहोनी,** वरिष्ठ अनुदेशक/पुल की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 अगस्त, 2018 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और ढेर सारी शुभकामनाएं देता है ।



संस्थान में कार्यरत **श्री पी विजयन, मास्टर कुक** की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 सितंबर, 2018 को हुई । सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और ढेर सारी शुभकामनाएं देता है ।



श्री राजेन्द्र एन. खुरसिंगे, सी.से.इंजी./रेलपथ ने दिनांक 25 सितंबर, 2018 को इरिसेन में वरिष्ठ अनुदेशक/ रेलपथ–12 के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप नागपुर मंडल में सी.से.इंजी. रेलपथ के पद पर कार्यरत थे। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।

16. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र सं. 18102 - समेकित पाठ्यक्रम

प्रथम



कुमार पंकज शर्मा
सहा. मंडल इंजी./
वलसाड/पश्चिम रेल

द्वितीय



टारजन एलेक्सो
सहा. कार्य.इंजी./नि.
मुख्यालय, मध्य रेल

तृतीय



अनिल कुमार
सहा. इंजी./
राउरकेला/दक्षिण पूर्व रेल

आत्मविश्वास वीरता का सार है और सफलता का प्रमुख रहस्य भी ।
– इमर्सन

शरद कुमार अग्रवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक पुल, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–१
द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित

Design & Printed By **Kalyani Corporation**, Pune-30. Tel. 24486080